प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से दंत चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर दिया बल।
- शिमला स्थित पीटरहॉफ को बेचने के विपक्ष के आरोपों को मुख्यमंत्री ने बताया निराधार– कहा, भाजपा की तरह संपत्ति नहीं बेचेगी सरकार।
- भाजपा ने ऐतिहासिक होटल पीटरहॉफ को सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर पुनर्निमित करने के राज्य सरकार के फैसले को बताया चिंताजनक।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वदेशी विनिर्माण के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा भारत।
- मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में कल होगा एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन।

सूक्खू
मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को विश्व स्तरीय सुलभ व आधुनिक तकनीक से युक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज शिमला में दंत चिकित्सकों के साथ संवाद के दौरान प्रदेश में दंत चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ व बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय शिमला को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने दंत चिकित्सकों से प्रदेश में दंत चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित होटल पीटरहॉफ को बेचे जाने के विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि पीटरहॉफ को बेचने का सरकार का कोई इरादा नहीं है, बल्कि इसे पहले से बड़ा और बेहतर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी सरकारी संपत्ति को बेचने नहीं जा रही है और न ही किसी को सरकारी संपत्ति लूटने दी जाएगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह किसी भी संपत्ति को न तो बेचा जाएगा और न ही लूटने दिया जाएगा।

जयराम ठाकुर
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सूक्खू सरकार प्रदेश की संपत्तियों को बेच रही है और मुख्यमंत्री अपने मित्रों के लिए राज्य के हितों को दांव पर लगा रहे हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि होटल पीटरहॉफ पी.पी.पी. मॉडल के नाम पर मित्रों के हवाले किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने के बाद से ही मुख्यमंत्री के निशाने पर प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल थे, और वे उन्हें अपने करीबियों को देने की कोशिश में लगे हुए थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर व समृद्ध राज्य बनाने के लिए औद्योगिक विकास को गति देना आवश्यक है, लेकिन मुख्यमंत्री मैडिकल डिवाइस पार्क के प्लॉट अपने मित्रों और करीबियों को बेचकर खुश हैं।

राकेश जमवाल
प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने ऐतिहासिक होटल पीटरहॉफ को सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर पुनर्निमित करने के सुक्खू सरकार के फैसले की कड़ी आलोचना की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि हिमाचल की बहुमूल्य सरकारी संपत्तियों को

निजी हाथों में सौंपने की नीति अत्यंत चिंताजनक है। राकेश जमवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार आर्थिक कुप्रबंधन की कीमत प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों से वसूलना चाहती है। उन्होंने पूछा कि सुक्खू सरकार आखिर हिमाचल की संपत्तियों को निजी संचालन में देने की इतनी जल्दबाज़ी क्यों कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पहले ही पर्यटन निगम की 8 इकाईयों को निजी ऑपरेटरों के माध्यम से संचालन व रख–रखाव के लिए मंजूरी दे चुकी है। जमवाल ने कहा कि पीटरहॉफ कोई साधारण होटल नहीं, बल्कि प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, शिमला की पहचान और प्रदेशवासियों की भावनाओं से जुड़ी अनमोल धरोहर है।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वदेशी विनिर्माण के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने आज एस.जे.वी.एन.एल. द्वारा संचालित 15 सौ मैगावॉट क्षमता वाली नाथपा झाकड़ी जलविद्युत परियोजना का दौरा कर इसकी परिचालन दक्षता व देश की ऊर्जा, अधोसंरचना और आवश्यकता की पूर्ति में इसके योगदान की समीक्षा की। राज्यपाल ने कहा कि प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अत्याधुनिक उपकरणों के निर्माण में देश की बढ़ती क्षमता, आयात पर निर्भरता कम करने और भारत को तकनीकी रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के संकल्प को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं और विकसित भारत–2047 की परिकल्पना को साकार करने में नाथपा झाकड़ी परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ऊना ज़िला के हरोली विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में करीब 5 सौ करोड़ रूपये की पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों व पुलों का निर्माण कार्य भी जारी है और लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार प्रयासरत है। मुकेश अग्निहोत्री ने आज चांदपुर में आयोजित 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

वॉकथॉन

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से कल 13 नवम्बर को मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस वॉकथॉन का नेतृत्व करेंगे। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल को सफल बनाने के लिए ज़िला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने ज़िले के सभी नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थाओं से इस वॉकथॉन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से दंत चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर दिया बल।
- शिमला स्थित पीटरहॉफ को बेचने के विपक्ष के आरोपों को मुख्यमंत्री ने बताया निराधार– कहा, भाजपा की तरह संपत्ति नहीं बेचेगी सरकार।
- भाजपा ने ऐतिहासिक होटल पीटरहॉफ को सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर पुनर्निमित करने के राज्य सरकार के फैसले को बताया चिंताजनक।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वदेशी विनिर्माण के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा भारत।
- मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में कल होगा एंटी चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन।

.....